उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग,

23, एलनगंज, प्रयागराज – 211002

पत्रांक- शि0से0आयोग/ 3197 /चयन/2026-27 दिनांक- 29 अक्टूबर, 2026

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षित स्नातक (विज्ञापन संख्या-01/2022) में विज्ञापित कुल 3539 पदों के सापेक्ष विज्ञापन के नियम-12 (अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश) में दी गयी व्यवस्थानुसार अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि एवं आयोग द्वारा पुनः निर्धारित की गयी तिथि के उपरान्त अभिलेख सत्यापन हेतु अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन / चयन निरस्त करते हुये उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(8) के अनुसार हिन्दी व अंग्रेजी विषय का अन्तिम चयन परिणाम आयोग द्वारा दिनांक- 16.10.2026 को जारी किया गया है। उक्त दोनों विषयों में विज्ञापित कुल 1114 पदों के सापेक्ष अन्तिम रूप से चयनित 1114 अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12(8) के अनुसार संस्था आवंटित कर आयोग द्वारा आज दिनांक 29.10.2026 को विषयवार पैनल जारी किया जाता है। चयनित अभ्यर्थियों का पैनल आयोग की अधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित है।

29.10.2026

उपसचिव

उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग,

प्रयागराज।